भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3685
(11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत स्वीकृत किए गए आवास

3685. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में कोनसीमा जिले सहित प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माण कार्य शुरू, पूर्ण और अधिगृहित किए गए आवासों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनसीमा जिले सहित पीएमएवाई-जी के प्रत्येक घटक के अंतर्गत शामिल किए गए एससी/एसटी/ओबीसी/महिला लाभार्थियों की संख्या कितनी है और उनका जिला-वार तथा घटक-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में पीएमएवाई-जी के अंतर्गत तीसरे पक्ष की गुणवत्ता निगरानी एजेंसियों की भूमिका, जियो-टैगिंग, निरीक्षण और अन्य निगरानी तंत्रों सहित निर्मित मकानों के लिए गुणवत्ता आश्वासन तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में पीएमएवाई-जी के तहत रिपोर्ट की गई शिकायतों, कमियों, घटिया निर्माण या निर्धारित निर्माण मानकों के उल्लंघनों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आंध्र प्रदेश में पीएमएवाई-जी के दिशानिर्देशों के उल्लंघन या घटिया निर्माण के लिए ठेकेदारों, कार्यान्वयन एजेंसियों, इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों के खिलाफ काली सूची में डालने, प्रतिबंधित करने या दंडित किए जाने सहित क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)

(क): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत स्वीकृत, निर्मित और अधिगृहित आवासों का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश में कोनासीमा जिला सहित पीएमएवाई-जी के अंतर्गत शामिल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य तथा महिला लाभार्थियों को स्वीकृत और निर्मित आवासों का विवरण, अनुबंध-II में दिया गया है।

(ग): पीएमएवाई-जी के तहत, लाभार्थी स्वयं अथवा अपनी देखरेख में आवास का निर्माण कराता है। इसके अलावा, पीएमएवाई-जी के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा लाभार्थियों को उनके निवास के क्षेत्र के लिए उपयुक्त स्थानीय सामग्री और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, स्थानीय जलवायु परिस्थितियों के अनुसार आवासों के डिजाइनों के विकल्पों का एक समूह प्रदान किया जाता है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति की सुविधा भी प्रदान कर सकती है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ग्रामीण आवास प्रकारों का एक संकलन "पहल" भी प्रकाशित किया है जो योजना की वेबसाइट पीएमएवाई-जी पर उपलब्ध है। इसे आवास ऐप के माध्यम से भी एक्सेस किया जा सकता है।

इसके अलावा, पीएमएवाई-जी के तहत अच्छी गुणवत्ता वाले आवासों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के लिए पर्याप्त संख्या में राजमिस्त्री को प्रशिक्षित कराने के लक्ष्य के साथ ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण (आरएमटी) कार्यक्रम शुरू किया है।

पीएमएवाई-जी में, योजना कार्यान्वयन और निगरानी एक संपूर्ण ई-गवर्नेंस मॉडल आवास सॉफ्ट आवास ऐप के उपयोग के माध्यम से किया जाता है। आवाससॉफ्ट और आवास ऐप का इस्तेमाल करके पीएमएवाई-जी की निगरानी की जाती है। इसके लिए एमआईएस यानी आवाससॉफ्ट में वर्कफ़्लो-आधारित ट्रांज़ैक्शनल डेटा का इस्तेमाल करके प्रोग्रेस को रियल-टाइम में कैप्चर किया जाता है। पीएमएवाई-जी के तहत, पीएमएवाई-जी आवास के निर्माण की वास्तविक प्रगति की निगरानी निर्माण के प्रत्येक चरण तथा आवास के पूर्ण होने पर जियो-टैग्ड, समय एवं दिनांक अंकित तस्वीरों को अपलोड करने के माध्यम से की जाती है।

मंत्रालय के राष्ट्रीय-स्तरीय निगरानीकर्ता और क्षेत्र अधिकारी भी प्रगति, लाभार्थियों के चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया आदि का आकलन करने के लिए क्षेत्रीय दौरे के दौरान पीएमएवाई-जी आवासों का दौरा करते हैं।

(घ) से (ङ): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान

पीएमएवाई-जी के तहत कोई शिकायत, कमियां, निम्न स्तरीय निर्माण या निर्धारित निर्माण मानकों के उल्लंघन की सूचना नहीं दी गई थी।

अनुबंध-I

"आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत स्वीकृत किए गए आवास" के संबंध में लोकसभा में दिनांक 11.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3685 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पीएमएवाई-जी के तहत आंध्र प्रदेश में दिनांक 01.04.2016 से इस योजना की शुरूआत से स्वीकृत, पूर्ण एवं अधिगृहित आवासों का जिला-वार विवरण

क्र.सं.	**जिले**	**आवासों की संख्या**		
		स्वीकृत	**पूर्ण**	अधिगृहित
1	अल्लूरी सीतारमा राजू	14368	4367	4367
2	अनकापल्ली	8750	4765	4765
3	अनंतपुर	6192	2580	2580
4	अन्नमय्या	1078	189	189
5	बापतला	19325	4538	4538
6	चित्तूर	316	245	245
7	पूर्वी गोदावरी	9779	3425	3425
8	एलुरु	19453	7928	7928
9	गुंटूर	7886	2622	2622
10	काकीनाडा	4726	1792	1792
11	**कोनासीमा**	**16212**	**8400**	**8400**
12	कृष्ण	12506	3610	3610

13	कुरनूल	14548	4560	4560
14	मार्कापुरम	5822	1784	1784
15	नांदयाल	14932	4523	4523
16	नेल्लोर	14669	3456	3456
17	एनटीआर	6544	3067	3067
18	पलनाडु	16987	6248	6248
19	पार्वतीपुरम मान्यम	9748	4749	4749
20	पोलावरम	6080	2822	2822
21	प्रकाशम	7150	1907	1907
22	श्री सत्य साई	5985	1095	1095
23	श्रीकाकुलम	6516	3383	3383
24	तिरुपति	5780	2015	2015
25	विशाखपट्टणम	683	466	466
26	विजयनगरम	3129	2360	2360
27	पश्चिम गोदावरी	3840	2761	2761
28	वाई.एस.आर	3925	944	944
	कुल	246929	90601	90601

अनुबंध-II (क)

"आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत स्वीकृत किए गए आवास" के संबंध में लोकसभा में दिनांक 11.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3685 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पीएमएवाई-जी के तहत आंध्र प्रदेश में दिनांक 01.04.2016 से इस योजना की शुरूआत से विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण किए गए आवासों का जिला-वार विवरण

क्र. सं.	जिले का नाम	स्वीकृत आवासों की संख्या				निर्मित आवासों की संख्या			
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य	कुल
1	अल्लूरी सीतारमा राजू	5	13886	477	14368	4	4175	188	4367
2	अनकापल्ली	1134	1131	6485	8750	516	594	3655	4765
3	अनंतपुर	1464	175	4553	6192	596	72	1912	2580
4	अन्नमय्या	133	43	902	1078	29	8	152	189
5	बापतला	7521	1263	10541	19325	1719	310	2509	4538
6	चित्तूर	136	32	148	316	104	25	116	245
7	पूर्वी गोदावरी	4811	224	4744	9779	1384	81	1960	3425
8	एलुरु	8384	3006	8063	19453	3063	1492	3373	7928
9	गुंटूर	3957	630	3299	7886	1229	216	1177	2622
10	काकीनाडा	1648	220	2858	4726	537	51	1204	1792
11	**कोनासीमा**	**7947**	**197**	**8068**	**16212**	**3608**	**91**	**4701**	**8400**
12	कृष्ण	4374	314	7818	12506	1439	75	2096	3610
13	कुरनूल	3539	232	10777	14548	950	75	3535	4560
14	मार्कापुरम	1716	415	3691	5822	443	136	1205	1784
15	नांदयाल	5088	486	9358	14932	1506	177	2840	4523
16	नेल्लोर	5400	3326	5943	14669	1251	1070	1135	3456
17	एनटीआर	2986	758	2800	6544	1327	371	1369	3067
18	पलनाडु	6351	2685	7951	16987	1968	915	3365	6248
19	पार्वतीपुरम मान्यम	935	5653	3160	9748	404	3022	1323	4749
20	पोलावरम	0	6074	6	6080	0	2819	3	2822
21	प्रकाशम	2923	564	3663	7150	724	108	1075	1907
22	श्री सत्य साई	1401	411	4173	5985	215	101	779	1095

23	श्रीकाकुलम	930	1377	4209	6516	453	622	2308	3383
24	तिरुपति	2432	1091	2257	5780	653	481	881	2015
25	विशाखापत्तनम	119	2	562	683	63	1	402	466
26	विजयनगरम	390	215	2524	3129	248	116	1996	2360
27	पश्चिम गोदावरी	1203	63	2574	3840	758	47	1956	2761
28	वाईएसआर	1171	139	2615	3925	278	51	615	944
	कुल	**78098**	**44612**	**124219**	**246929**	**25469**	**17302**	**47830**	**90601**

अनुबंध-II (ख)

"आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत स्वीकृत किए गए आवास" के संबंध में लोकसभा में दिनांक 11.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3685 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

आंध्र प्रदेश में दिनांक 01.04.2016 को इसकी शुरुआत से पीएमएवाई-जी के तहत महिला लाभार्थियों को स्वीकृत और उनके द्वारा निर्मित किए गए आवासों का जिला-वार विवरण

क्र. सं.	जिले का नाम	स्वीकृत आवास			निर्मित आवास		
		महिला	महिलाएं पति के साथ संयुक्त रूप से	कुल	महिला	महिलाएं पति के साथ संयुक्त रूप से	कुल
1	अल्लूरी सीतारमा राजू	2924	10447	13371	880	3118	3998
2	अनकापल्ली	2510	4549	7059	1133	2515	3648
3	अनंतपुर	1788	3423	5211	704	1292	1996
4	अन्नमय्या	613	342	955	91	59	150
5	बापतला	4432	12511	16943	1195	2875	4070
6	चित्तूर	50	119	169	38	98	136
7	पूर्वी गोदावरी	2983	5460	8443	927	1854	2781
8	एलुरु	4343	13132	17475	1589	5615	7204
9	गुंटूर	2688	3976	6664	971	1245	2216

10	काकीनाडा	1770	2177	3947	602	863	1465
11	**कोनासीमा**	**2990**	**9523**	**12513**	**1481**	**4789**	**6270**
12	कृष्ण	2869	7345	10214	675	2562	3237
13	कुरनूल	3909	8289	12198	1175	2486	3661
14	मार्कापुरम	1643	3559	5202	442	1195	1637
15	नांदयाल	4223	8837	13060	1222	2786	4008
16	नेल्लोर	6540	6217	12757	1285	1454	2739
17	एनटीआर	1186	4571	5757	487	2206	2693
18	पलनाडु	6489	6881	13370	2741	2316	5057
19	पार्वतीपुरम मान्यम	3043	5740	8783	1438	2799	4237
20	पोलावरम	1766	2465	4231	855	857	1712
21	प्रकाशम	2535	3549	6084	622	1042	1664
22	श्री सत्य साई	1925	3061	4986	324	485	809
23	श्रीकाकुलम	1674	4096	5770	918	1929	2847
24	तिरुपति	2146	2761	4907	623	1032	1655
25	विशाखपट्टणम	151	346	497	81	253	334
26	विजयनगरम	1017	1493	2510	767	1114	1881

27	पश्चिम गोदावरी	663	2658	3321	440	1960	2400
28	वाईएसआर	1267	1950	3217	275	375	650
	कुल	**70137**	**139477**	**209614**	**23981**	**51174**	**75155**